राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'जानकी नवमी' के सुअवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 12 मई 2019

माता जानकी के पावन जन्मोत्सव 'जानकी नवमी' के सुअवसर पर महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री टंडन ने कहा है कि माँ जानकी का दिव्य जीवन–चरित्र आदर्श भारतीय नारीत्व का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा है कि माँ जानकी की जीवन–गाथाओं से हमें त्याग, साधना, समर्पण, सेवा, सृजन, समदृष्टि, करूणा और प्रेम आदि सद्गुणों को अपने चरित्र और व्यवहार में उतारने की प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल ने अनुरोध किया है कि 'जानकी नवमी' पर्व को हमें उल्लास और आनन्द के साथ मनाना चाहिए, ताकि हमारी सांस्कृतिक समृद्धि एवं राष्ट्रीय अस्मिता और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त हो सके।

....